# सर्रा टोला गांव के दल-दल सड़क की डगर आसान नहीं

## देवसर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बरका के तेन्दूपत्ता गोदाम से लेकर सर्रा टोला स्कूल तक कच्ची सड़क, कीचड़ में तब्दील





**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 सितम्बर। देवसर विकासखण्ड व विधानसभा क्षेत्र के बरका के तेन्दूपत्ता गोदाम से लेकर सर्रा टोला स्कूल तक लम्बाई दूरी करीब 4 किलोमीटर दल-दल कीचड़ सड़क में इन दिनों पैदल भी चलना जोखिम भरा साबित हो रहा है। इस मार्ग से करीब आधा दर्जन गांवों के लोगों का आना-जाना होता है।**

जानकारी के अनुसार देवसर विधानसभा क्षेत्र के बरका के तेन्दूपत्ता गोदाम से लेकर सर्रा टोला स्कूल तक कच्ची सड़क इन दिनों बारिश के चलते कीचड़ में तब्दील हो गई है। आलम यह है कि उक्त सड़क की लम्बाई दूरी करीब 4 से साढ़े चार किलोमीटर है। यहां के ग्रामीण बताते हैं कि पक्की सड़क का निर्माण कराने के लिए दशको से सांसद एवं विधायक से मांग करते आ रहे हैं, लेकिन आज तक कोरा आश्वासन के अलावा कुछ भी हाथ नही लगा है। ग्रामीण यह भी बताते हैं कि इस मार्ग से बरका, सर्रा टोला, पिपड़खाड़, कटदहा एवं पिपरहवा समेत कई गांवों के सैकड़ों लोगों का रोजाना आना-जाना लगा रहता है। जहां दल-दल कीचड़युक्त से होकर लोगोबाग आने-जाने को मजबूर हैं। ग्रामीण यह भी बताते हैं कि इस साल के बारिश में कच्ची सड़क पूरी तरह से दल-दल में तब्दील है और शाम ढलते ही पैदल आने-जाने में लोग डरते हैं। लेकिन मजबूरी के कारण ग्रामीण इसी दल-दल सड़क से आते-जाते हैं। यह समस्या आज से नही दशको से है। इस साल के बारिश में कच्ची सड़क की हालत और खस्ता हो गई है। सबसे ज्यादा परेशानी शाम एवं रात के वक्त होती है। उक्त गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोलते हुये कहा कि सरकार के कथनी एवं करने में अंतर है। लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के वक्त प्रचार-प्रसार के दौरान प्रत्याशी बड़े-बड़े वायदे करते जाते थे और चुनाव संपन्न के बाद नेता वायदे को भूल जा रहे हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### ग्रामीणों का आरोप, वायदे पर खरे नहीं उतरे विधायक

बरका गांव के विजय कुमार जायसवाल बताते हैं कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 के प्रचार-प्रसार के दौरान देवसर क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र मेश्राम ने जनता जनार्दन के सामने वायदा किये थे कि चुनाव जितने एवं भाजपा सरकार बनने के बाद पहला कार्य इस उक्त सड़क का निर्माण कराया जाएगा। ताकि दर्जन भर गांवों के लोगों का आवागमन सुलभ हो जाये। विजय कुमार ने आगे बताया कि विधानसभा चुनाव संपन्न होने पर करीब 21 महीने पूरा होना जा रहा है। इसके बावजूद कच्ची दल-दल कीचड़युक्त सड़क को पक्की कराने के वायदे को विधायक भूल गये। जबकि यहां डीएमएफ एवं औद्योगिक कंपनियों का सीएसआर फण्ड भी है। फिर भी खस्ताहाल कच्ची सड़क पर ध्यान नही दिया जा रहा है।

### कीचड़ से लथपथ हो जाते हैं स्कूली बच्चों

आलम यह है कि कीचड़युक्त दल-दल सड़क की हालत इतनी खस्ता है कि इन दिनों पैदल चलते वक्त फिसलने का डर बना रहता है और आये दिन मोटरसाकिल व साइकिल से अपने नौनिहाल बच्चों को स्कूल लाने-लेजाने वाले अभिभावक फिसल कर कीचड़ में लथपथ भी हो जाते हैं। आये दिन स्कूली बच्चे इसी दल-दल सड़क में फिसल कर किसी-किसी दिन कीचड़ लगने के कारण आधे रास्ते से ही विद्यालय के बदले घर लौट जाते हैं। यह समस्या बारिश के दिनों में बनी रहती है। इस दौरान स्कूली बच्चे भी शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को कोसने में भी पीछे नही रहते हैं। बच्चों का भी कहना है कि प्रशासन भी सड़क बनवाने के लिए गंभीर नही है। जिससे कीचड़युक्त सड़क से गुजरना पड़ता है और रोजाना जूते-मोजे भी कीचड़ में बर्बाद हो जाते हैं। बच्चों ने भी सरकार पर तंज कसा है।



# सप्ताह में एक-दो दिन ही खुलता है नापतौल विभाग का दफ्तर

## दफ्तर में आए दिन लटका रहता है ताला, दो निरीक्षक हैं पदस्थ

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 सितम्बर। गनियारी में नापतौल विभाग का दफ्तर है, जहां दफ्तर में आये दिन ताला लटका रहता है। जबकि यहां दो निरीक्षक पदस्थ हैं। दफ्तर के न खुलने एवं निरीक्षको के मनमानी से कई व्यापारियों के द्वारा नापतौल में भारी गड़बड़ी की जा रही है। फिर भी निरीक्षक अनजान हैं।**

दरअसल सिंगरौली नापतौल विभाग में दो निरीक्षक पदस्थ हैं। इसके बावजूद दफ्तर में आये दिन ताला लटका रहा है। पिछले दिन गुरूवार एवं शुक्रवार को भी उक्त विभाग के कार्यालय का ताला नही खुला। दोनों निरीक्षक कहां थे, यह तो नही पता चला, लेकिन आसपास के रहवासी बताते हैं कि दफ्तर में आये दिन ताला लटका रहता है। वहीं अब जिले के अधिकांश व्यापारी अभी भी इलेक्ट्रोनिक नापतौल कांटे का उपयोग नही कर रहे हैं। जिला मुख्यालय बैढ़न के कई सब्जी के व्यवसायी तराजू-बाट से ही नापतौल करते हैं। आरोप लग रहा है कि निरीक्षको को सब कुछ पता होने के बावजूद उनके सरंक्षण में उपभोक्ता लूट के शिकार हो रहे हैं।

## एक नजर में

### तहसीलदार आवास कलोनी में विराजी हैं दुर्गे मॉ



**सरई।** नगर परिषद सरई क्षेत्र में दुर्गा पूजा की धूमधाम जारी है, जहां स्थानीय पंडालों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं की आरती में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह और शाम की आरती व भगत में श्रद्धालु उत्साह से भाग लेते हैं, देवी को नमन करते हुए उनके प्रति अपनी भक्ति व्यक्त कर रहे हैं। पंडालों की भव्य सजावट और सुरम्य वातावरण भक्तों को आकर्षित कर रहा है। इस पर्व पर स्थानीय समुदाय का एकजुट होना और पारंपरिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाता है। तो वहीं इसी जगह पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है।

### कर्मचारियों के लिए वर्ग पहेली प्रतियोगिता आयोजित



**विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल के राजभाषा अनुभाग द्वारा राजभाषा पखवाड़ा की श्रृंखला में बीते दिन शुक्रवार को कर्मचारियों के लिए वर्ग पहेली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया और उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शब्दावली ज्ञान का विकास करना तथा रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करना था। और ज्ञानवर्धक खेलों के माध्यम से न केवल मनोरंजन हुआ, बल्कि प्रतिभागियों को हिंदी भाषा की गहराई और समृद्धि से भी अवगत कराया गया।

### स्कूल के छात्रों ने पावर प्लांट का किया भ्रमण



**सिंगरौली।** छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस मौके पर 132 शासकीय स्कूलों के प्रधानाचार्यों की भागीदारी ने कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बंधौरा स्थित पावर प्लांट में अनुभव की बहुत सराहना की और औद्योगिक गतिविधियों को नजदीक से देखने का अपना पहला अनुभव बताया।



# स्वास्थ्य शिविर में 107 मरीजों का हुआ परिक्षण

## मायाराम महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 सितम्बर। मायाराम महाविद्यालय सिंगरौली के परिसर में स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां इस शिविर में 107 से अधिक मरीजो का स्वास्थ्य सेवको के द्वारा परिक्षण किया जाकर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां एवं आवश्यक सलाह दिया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्रबंध समिति के डायरेक्टर बद्री नारायण बैस भी मौजूद थे।**

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं शशक्तिकरण भारत सरकार अभियान तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान तहत मायाराम महाविद्यालय सिंगरौली में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमे कुल 107 लोगो जाँच हुआ। सिंगरौली स्वास्थ्य विभाग से अंजलि अवधिया ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर, वीणा पटेल बीव झींगुरदह एवं मंजू वैश्य बीव पंजरेह एवं मेडिकल टीम एवं प्रबंध समिति के डायरेक्टर बद्री नारायण बैस एवं प्रभारी प्राचार्य जतीन्द्र कौर सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# शहर के दोनों ट्रैफिक सिंग्नल बंद, पुराने ढर्रे पर आई यातायात व्यवस्था

## जिला मुख्यालय बैढ़न के पुराना यातायात तिराहा और इंदिरा चौक व नवजीवन बिहार का बंद है ट्रैफिक सिंग्नल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 सितम्बर। बैढ़न मुख्यालय में पुराना यातायात तिराहा और इंदिरा चौक पर लगा ट्रैफिक सिंग्नल फिर बंद हो गया। इसके कारण सबसे अधिक व्यस्त रहने वाले इन दिनों चौराहों की यातायात व्यवस्था पुराने ढर्रे पर आ गया है। यहां पर हैवी ट्रैफिक के दौरान ट्रैफिक जवान भी खुद को असहाय पाते हैं। जिम्मेदार ननि अधिकारी व्यवस्था सुधारने के संबंध में भी सही जवाब नहीं दे पाते हैं।**

यातायात के दबाव को देखते हुए इंदिरा चौक और पुराना यात्रा चौराहे पर प्रयोग के तौर पर सिंग्नल की व्यवस्था शुरू की गई थी, लेकिन इंदिरा चौक में लगा सिंग्नल करीब 8 महीना से खराब है। चारों तरफ से आवाजाही के चलते वाहन चालको सहित राहगीरों को सड़क पार करने में समस्या का सामना करना पड़ता है। वहीं यातायात चौराहे पर लगा सिंग्नल बस स्टैंड के पास होने के साथ यह बाजार में जाने का प्रमुख मार्ग भी है। जिसके कारण यहां सुबह 10 बजे और शाम को



यातायात दबाव चरम पर पहुंच जाता है। सिंग्नल के चालू रहने पर लोगों को चौराहा पार करने में सुविधा होती थी। तीन दिनों से सिंग्नल बंद है। इसके कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। तीनों तरफ से आवाजाही करने वाले लोग एक साथ निकल रहे है, इससे दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। बता दें कि चौराहे पर यातायात सिंग्नल शुरू करने का यह उद्देश्य था कि लोग उसका पालन करे और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आए। कुछ दिन विभाग ने भी सख्ती नहीं की, लेकिन अब इसका पालन कराने के लिए उन्होंने कार्रवाई भी शुरू कर दी। लेकिन अब ट्रैफिक सिंग्नल खराब होने से ट्रैफिक पुलिस भी यातायात व्यवस्था बनाने में खुद को असहाय महसूस कर रही है।

### ट्रैफिक सिंग्नल की मरम्मत ननि कराएगा : सविता

यातायात प्रभारी दीपेंद्र सिंह का कहना है कि इंदिरा चौक में लगा ट्रैफिक सिंग्नल तकनीकी खराबी के कारण बंद है। इसे ठीक करने के लिए नगर निगम से पत्राचार किया गया है उनके द्वारा ही इसका मेंटेनेंस कराया जाना है। जबकि पुराना यातायात चौराहे पर लगा सिंग्नल संभवत: बारिश के चलते मौसम सही नहीं होने से सोलर काम नहीं कर रहा। मौसम ठीक होने के बाद ही पता लगेगा कि ट्रैफिक सिंग्नल में क्या समस्या है, ट्रैफिक सिंग्नल खराब होने के संबंध में जब नगर निगम कराएगा।

# विज्ञान मेला में विंध्याचल ने दिखाया सतत विकास का विजन

**नवभारत न्यूज**

**विंध्यनगर 27 सितम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल, गाडरवारा एवं एनटीपीसी खरगोन ने संयुक्त रूप से निर्मित मेगा पवेलियन ने 12वें भोपाल विज्ञान मेला में दर्शकों का मन मोह लिया। यह मेला 26 से 29 सितम्बर तक बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल में आयोजित किया जा रहा है।**



विज्ञान भारती एवं म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में हजारों की संख्या में विद्यार्थी, शोधार्थी, वैज्ञानिक एवं आम नागरिक प्रतिदिन हिस्सा ले रहे हैं। एनटीपीसी का पवेलियन अपने सतता थीम के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। यहां प्रदर्शित किए गए 10 टीपीडी कार्बन-टू-मेथेनॉल संयंत्र का मॉडल, अक्षय एवं कोयला ऊर्जा का एकीकृत डायरामा, एआर-वीआर तकनीक पर आधारित प्रदर्शन तथा पावर क्विज और सेल्फी जोन ने आगंतुकों को नए अनुभव प्रदान किए। इसके साथ ही राख के उपयोग, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक दायित्व एवं सीएसआर परियोजनाओं से जुड़ी जानकारी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरसर की चार दिनों से बिजली गुल

## टीकाकरण की वैक्सीन भी हो रही खराब

**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी 27 सितम्बर। स्थानीय विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य कोरसर में पिछले चार दिनों से बिजली गुल है। जिसके चलते टीकाकरण वैक्सीन भी खराब होने लगी है।**



जानकारी के अनुसार आरोग्यम् केन्द्र कोरसर के ट्रांसफॉर्मर से खम्भा तक की केबिल टूट जाने से चार दिनों से बिजली बंद पड़ी है। यहां की स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि इसकी भलीभांति जानकारी एमपीईबी अमले को दी जा चुकी है। इसके बावजूद केबिल नही जोड़ा गया है और बिजली न होने से टीकाकरण की वैक्सीन सूखने लगी हैं और मरीज भी काफी परेशान हो रहे हैं।

# हिन्दी भाषा की सांस्कृतिक पहचान और समृद्ध करना है : संदीप

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सोनभद्र की 33वीं बैठक का आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**शक्तिनगर 27 सितम्बर। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति सोनभद्र की 33वीं बैठक का ऑनलाइन आयोजन 27 सितम्बर को किया गया।**

बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सोनभद्र के सदस्य कार्यालयों के प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संदीप नायक कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी-सिंगरौली एवं अध्यक्ष, नराकास, सोनभद्र ने कहा कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के निर्देश का अनुपालन करने एवं राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए नियमानुसार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सोनभद्र की छमाही बैठक आयोजित की गई है। संदीप नायक ने राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 के अनुरूप कार्य योजना बनाकर राजभाषा लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि हम सभी को मिलकर गौरवशाली हिंदी भाषा की सांस्कृतिक पहचान से देश की भाषाई संस्कृति को और समृद्ध करते रहना है। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए सभी सदस्य कार्यालयों ने राजभाषा की उपलब्धियों से समिति को अवगत कराया एवं राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी नवीन सुझाव भी प्रदान किए। समिति सदस्यों ने हिंदी कार्यशाला आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। समीक्षा के उपरांत संदीप नायक ने पत्रिका के प्रकाशन के लिए आवश्यक निर्देश दिए एवं राजभाषा हिंदी में प्रशंसनीय कार्य करने वाले कार्यालयों को शामिल करने के भी निर्देश दिए।

# विद्यालयों में योगा व खेल कूद गतिविधियां आयोजित

**सिंगरौली 27 सितम्बर (एनबीएन)।** जिला कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशन में सेवा पखवाड़े के दौरान योग और खेल से जुड़ी कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। यह पखवाड़ा 17 सितंबर से शुरू होकर महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलेगा। इन गतिविधियों का उद्देश्य नागरिकों, खासकर युवाओं में सेवाभाव, स्वास्थ्य और नागरिक भागीदारी को बढ़ावा देना है।



# विधायक व डीएम ने निर्माणाधीन माइनिंग कॉलेज का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 सितम्बर। बैढ़न ब्लॉक के तियरा में निर्माणाधीन माइनिंग कॉलेज का सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने अन्य अधिकारियों एवं नेताओं के साथ पहुंच अवलोकन किया।**



इस दौरान क्रियान्वयन एजेंसी एवं संविदाकार से विधायक एवं कलेक्टर ने विस्तार से चर्चा करते हुये निर्धारित समय एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के लिए कहा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि माइनिंग कॉलेज का संचालन होने से विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से युक्त बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने और जिले की शिक्षा व्यवस्था को नई ऊचाई देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। विधायक ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाये और निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को पूर्ण कराएं। इसके बाद राज्यमंत्री राधा सिंह व विधायक एवं कलेक्टर ने एक बगिया मॉ के नाम पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह के साथ-साथ अन्य अधिकारीगण व भारतीय जनता पार्टी के नेता भी मौजूद रहे।

# पीओएस मशीन लेकर फरार विक्रेता पर अपराध दर्ज, 3 लाख 80 हजार रुपए का किया है खयानत

## विक्रेता के घर से पीओएस मशीन जब्त, तहसीलदार एवं टीआई ने विक्रेता के घर में दिया दबिश

**नवभारत न्यूज**

**सरई 27 सितम्बर। स्थानीय तहसील क्षेत्र के शासकीय उचित मूल्य दुकान भरसेड़ा में राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले निलंबित अस्थाई सेल्समेन पीओएस मशीन लेकर फरार हो गया था। आज तहसीलदार सरई एवं टीआई गठित टीम के साथ विक्रेता के घर में दबिश देते हुये उसके कब्जे से पोस मशीन एवं चार्जर जप्त करते हुये पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है।**

गौरतलब है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए कलेक्टर द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है। आम जनता को पात्रता अनुसार राशन उपलब्ध कराया जाना जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता है। तहसील सरई अंतर्गत ग्राम भरसेड़ा में संचालित सार्वजनिक खाद्यान्न की दुकान जिसमें अस्थाई सेल्समैन के तौर पर रामबरन से कार्य किया जा रहा था। जहां ग्रामीणों द्वारा शिकायत की जा रही थी कि समय पर खाद्यान्न का वितरण नही किया जा रहा था और



पूर्व महीने का भी खाद्यान्न नही दिया गया है। जिस पर उपखंड अधिकारी देवसर ने ग्राम भरसेड़ा के दुकान की जांच कराया। जांच में पाया गया कि विक्रेता के द्वारा 379748 रुपए की खयानत दुकान में की गई है। उपखण्ड अधिकारी ने सहायक विक्रेता को निलंबित किया जाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम अंतर्गत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। वहीं समिति प्रबंधक झारा ने खयानत करता सहायक विक्रेता रामबरन के ऊपर थाना सरई में अपराध दर्ज कराया गया। प्रशासन के इस कार्रवाई से सरपंच एवं हितग्राही ने इस कार्यवाही पर पुलिस और प्रशासन की सराहना की गई। क्षेत्र में इस कार्यवाही से खाद्यान्न माफियाओं में हड़कंप मच गया है। कार्यवाही के दौरान एसआई सूरज सिंह, आरआई आरएन सोनी, पटवारी पारसनाथ, सत्येंद्र साहू, समिति प्रबंधक सुरसेन, आर रिंकू सिंह, सरपंच, जनपद सदस्य राम जियावान एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### तहसीलदार व टीआई ने विक्रेता के घर दी दबिश

विक्रेता के निलंबन दिनांक से ही वह शासकीय पोस मशीन लेकर के फरार हो गया था, जिस पर तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा एवं थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदोरिया द्वारा पुलिस और राजस्व, खाद्य विभाग की टीम बनाकर सुबह विक्रेता के घर में दबिश दी गई, जहां विक्रेता घर में मिला और शासकीय पीओएस मशीन विक्रेता के घर में पाई गई मशीन और चार्जर की जप्त किया गया। विक्रेता के द्वारा खयानत किए हुए राशन का कुछ भाग शासकीय खाद्यान्न की दुकान भवन में रखा गया था, जहां पर 74 बोरी मेंटर चावल, 17 बोरी गेहूं, 31 बोरी नामक बहुत ही खराब स्थिति में मिला है। जिसका वितरण विक्रेता के द्वारा नहीं किया गया था। जिसे मौके से समिति प्रबंधक को सपोर्ट किया गया। तहसीलदार और थाना प्रभारी के प्रयास से जनता के खाद्यान्न में खयानत करने वाले ख्यानत करता विक्रेता के ऊपर कार्यवाही की गई।